कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।
Office of Divisional Forest Officer Kedarnath Wildlife Division, Gopeshwar.
Phone @ Fax No&01372252149 Email- dfokedarnath@gmail.com

पत्रांकः–मान0 5082/121 गोपेश्वर, दिनांक 31/03/2023

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0,
पोखरी।

विषयः– जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ विकासखण्ड के अर्न्तत मैठाणा से स्यालतरी मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.631 है0 सिविल/आरक्षित वन भूमि हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– वन क्षेत्राधिकारी, नागनाथ रेंज नागनाथ का पत्रांक 956/12 नागनाथ दिनांक 28–03–2023 तथा आपका पत्रांक 434/15 सी0 वन भूमि दिनांक 10–03–2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत करना है इस कार्यालय के पत्रांक 4363/12–1 दिनांक 22–02–2023 द्वारा वन क्षेत्राधिकारी नागनाथ रेंज नागनाथ को प्रस्तावित मोटर मार्ग में प्रभावित होने वाले वृक्षों के गणना हेतु निर्देशित किया गया। वन क्षेत्राधिकारी नागनाथ रेंज नागनाथ ने उक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया है कि लो0नि0वि0 द्वारा प्रस्तावित संरेखण में परिवर्तन किया गया जिस कारण कुछ स्थानों पर स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि भूमि की वैधानिक स्थिति क्या है। उक्त कार्य हेतु आवश्यक वन भूमि का मौके पर चिन्हीकरण कार्य करने की आवश्यकता है। बिना चिन्हीकरण कराये यह ज्ञात करना संभव नहीं है कि मोटर मार्ग निर्माण हेतु कितनी वन भूमि की आवश्यकता होगी तथा भूमि की वैधानिक स्थिति के अनुसार कुल कितने वृक्षों के पातन की आवश्यकता होगी।

अतः आपसे अपेक्षा है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग के संरेखण को पक्के पेन्ट से मौके पर चिन्हित कराते हुए इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि चिन्हित संरेखण का सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारी से निरीक्षण कराकर कुल आवश्यक वन भूमि एवं प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या ज्ञात कराई जा सके।

भवदीय,

(इन्द्र सिंह नेगी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

संख्या 5082/121 दिनाँकित।

प्रतिलिपिः– वन क्षेत्राधिकारी, नागनाथ रेंज नागनाथ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रयोक्ता एजेन्सी के सम्पर्क करने पर उन्हे अपेक्षित सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

(इन्द्र सिंह नेगी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

Scanned with CamScanner